दिन– बुधवार | दिनांक– 09 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए राज्यों को सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को मंजूरी दी।

02. आरबीआई ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। दरों में बदलाव नहीं होने से लोन मंहगे नहीं होंगे और ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

03. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नालंदा खुला विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र, दो हजार चौबीस–पच्चीस में नामांकन के लिए मान्यता प्रदान की।

04. और, शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना। देवी के पट खुलते ही पूजा पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए राज्यों को सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह समावेशी विकास और पोषण सुरक्षा की दिशा में उठाया गया कदम है। इस योजना पर सत्रह हजार करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आयेगा।

———बाईट———

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। इस फैसले से लोन मंहगे नहीं होंगे और ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात दशमलव दो प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, खुदरा मुद्रास्फीति दर चार दशमलव पांच प्रतिशत रहने का अनुमान बरकरार रखा गया है।

————————————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर में पारंपरिक औषधियों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद क्षेत्र में उद्यमों की स्थापना के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्रीमती मुर्मू आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के आठवें स्थापना दिवस के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भ्रामक विज्ञापनों और नकली दवाओं को बढ़ावा देकर दूसरों को धोखा देते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में योग्य आयुर्वेदिक डॉक्टरों की जरूरत है ताकि लोगों को अयोग्य चिकित्सकों से परामर्श न लेना पड़े।

———बाईट———

कुछ लोग भोली भाली जनता का नुकसान करते हैं। भ्रामक प्रचार और झूठे दावा करते हैं। ये लोग न केवल जनता के पैसे और स्वास्थ्य का नुकसान करते हैं बल्कि आयुर्वेद को भी बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों को प्रति कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेदिक कॉलेजों में नामांकन लेने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है।

———बाईट———

पिछले कुछ वर्षों में देश में आयुर्वेद कॉलेजों और उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में योग्य आयुर्वेद चिकित्सकों की उपलब्धता और बढेगा।

————————————————————————————————————

गया स्थित बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान, बिपार्ड में देश के पहले अत्याधुनिक जेन नेक्स्ट लैब की स्थापना की गयी है। इस लैब में हर प्रकार के डेटा उपलब्ध होंगे। यह लैब राज्य में प्रशासनिक सुधारों और नई तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

बिपार्ड में स्थापित जेन नेक्स्ट लैब आने वाले दिनों में प्रशासनिक सुधारों और डिजिटल नवाचार का एक महत्वपूर्ण केन्द्र साबित होगा। यह लैब अधिकारियों को समकालीन डेटा और पूर्वानुमान प्रणाली से जोड़ने का काम करेगी। अधिकारी यहां आकर समझ सकते हैं कि उनके सामने जो समस्या है, उसका समाधान कैसे होगा। इस लैब में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि समेत अन्य जानकारी डेटा के रुप में उपलब्ध है। पहले सभी विभागों के पास अलग—अलग जानकारी होती थी। अब प्रखंड स्तर तक की जानकारी यहां से प्राप्त की जा सकती है। अधिकारी इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक सटीक और प्रभावशाली बना सकेंगे। इस लैब में विकसित चिंतन कक्ष भी है, जहां उच्च स्तरीय नीति निर्माण और रणनीतिक विचार—विमर्श होंगे। एआई तकनीक से लैस इस लैब में देशभर के अधिकारी प्रशिक्षण के लिए आयेंगे। समाचार कक्ष से संतोष कुमार झा।

————————————————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दूर शिक्षा परिषद ने नालंदा खुला विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र, दो हजार चौबीस–पच्चीस में नामांकन के लिए मान्यता प्रदान कर दी है। परिषद ने विश्वविद्यालय को सत्रह विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन की अनुमति दी है। एनओयू के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में पंद्रह अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

———————————————————————

पंचायती राज विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि पंचायत में निर्मित पंचायत सरकार भवन में ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान उपलब्ध रहेगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन में बैंक और डाकघर की शाखाएं भी खोली जायेंगी। इसके लिए बातचीत अंतिम दौर में है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश की ग्राम कचहरियों में इस महीने ई–कोर्ट मैनेजमेंट व्यवस्था शुरु होगी। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ई–कोर्ट प्रबंधन व्यवस्था से ग्राम कचहरियों के फैसले, सुनवाई की तारीख और अन्य जानकारियों को पक्षकारों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि तीन नये आपराधिक कानूनों–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर पंचायत सचिव, सरपंच और ग्राम कचहरी के पंचों का प्रशिक्षण जल्द शुरु होगा।

———————————————————————

पूरे प्रदेश में पारंपरिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में शारदीय नवरात्र मनाया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवा के चलते राज्य में ग्यारह अक्टूबर तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्यारह अक्टूबर से पछुआ हवा चलेगी, जिससे मॉनसून के लौटने की अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रवर्तन निदेशालय ने राजद के पूर्व विधायक अरुण यादव की पटना और भोजपुर स्थित छियालीस अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। इसकी अनुमानित कीमत उन्नीस करोड़ रुपये से अधिक है। वहीं, ईडी ने उनके बैंक खातों में जमा दो करोड़ रुपये की राशि को भी फ्रीज कर दिया है। जांच एजेंसी ने मनी लॉड्रिंग के एक मामले में यह कार्रवाई की है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मकससपुर बजरंगबली चौक के पास पुलिस ने एक गोदाम में छापेमारी कर दो हथियार तस्करों को पांच अर्धनिर्मित हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

शेखपुरा जिले के एकसारी रेलवे गुमटी के पास उत्पाद विभाग की टीम ने एक कार से भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पूर्णियां जिले के जानकी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लादुगढ़ से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी विकास यादव को बीस वर्ष कारावास और पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पूर्वी चम्पारण जिले की कुख्यात अपराधी रीता सिंह को मोतिहारी पुलिस और एसटीएफ की टीम ने गया से गिरफ्तार कर लिया है। रीता सिंह पर पचास हजार रुपये का ईनाम था और उसकी आठ मामलों में तलाश थी।

---

मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलही गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अंतरराज्यीय मोटरसाईकिल चोर गिरोह का खुलासा किया है। मौके से गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

---

जहानाबाद जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के पास पयर्टकों से भरी एक बस और हाईवा के बीच आमने–सामने की टक्कर में आठ बौद्ध भिक्षु घायल हो गए। इनमें से दो को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

शिवहर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत एक हजार नौ सौ छप्पन लाभुकों के बैंक खाते में पहली किस्त के रुप में छह करोड़ उनचास लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गयी।

---

किशनगंज जिले के खगड़ा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. केन्द्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए राज्यों को सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को मंजूरी दी।

02. आरबीआई ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। दरों में बदलाव नहीं होने से लोन मंहगे नहीं होंगे और ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

03. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नालंदा खुला विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र, दो हजार चौबीस–पच्चीस में नामांकन के लिए मान्यता प्रदान की।

04. और, शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना। देवी के पट खुलते ही पूजा पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।